वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 | अंक : 336 | शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल की नामांकन सभा

# मुख्यमंत्री शर्मा ने साधा विपक्ष पर निशाना

**फर्जी तरीके से ट्रेनिंग लेकर नौकरियां हासिल करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसने धोखा किया है, वे सलाखों के पीछे जाएंगे।**



**भीलवाड़ा. कासं**

सीएम भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के निशान पर तंज कसा। उन्होंने आजाद चौक में लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल की नामांकन सभा में कहा कि पंजे ने हमें गंजा कर दिया है। फर्जी तरीके से ट्रेनिंग लेकर नौकरियां हासिल करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसने धोखा किया है, वे सलाखों के पीछे जाएंगे। आजाद चौक में हुई सभा में सीएम ने कहा कि 70 साल से कांग्रेस गरीबी हटाने की बात करती है, लेकिन गरीबी नहीं हटी। हमारी डबल इंजन की सरकार भीलवाड़ा के विकास के लिए हर समय तैयार है। भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद गरीब की चिंता की है तो देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की है। महिलाओं के लिए सम्मान का काम किया तो पीएम ने किया। उन्होंने कहा कि 90 दिन में हमने हमारा राजस्थान के लिए संकल्प पत्र पूरा किया है। हमनें विकास के मुद्दों को भी संकल्प पत्र में शामिल किया है। जिन्होंने युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है, युवाओं को रूलाने का काम किया है, किसान के बेटों से धोखा किया है, भाजपा ने उनका सहयोग कर सहारा बनने का काम किया है। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल वी.पी.सिंह, सांसद सुभाष बहेडिया, महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन, विधायक अशोक कोठारी, गोपाल खंडेलवाल, गोपीचन्द मीणा, लालाराम बैरवा, उदयलाल भडाणा, जब्बरसिंह सांखला, लादूलाल पितलिया, रामपाल शर्मा मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का मेवाड़ी पगड़ी, स्मृति चिह्न व 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पहले दामोदर अग्रवाल जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पेश किया। इस दौरान पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित भाजपा पदाधिकारी साथ रहे। नामांकन सभा में सीएम भजनलाल शर्मा की मोजूदगी में भाजपा को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी का मंच पर प्रदेश सहप्रभारी विजयाताई रहाटकर ने शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, पूर्व न्यास अध्यक्ष एल एन डाड, उपसभापति रामनाथ योगी, पूर्व नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वर्णकार की भी भाजपा में वापसी के अवसर पर दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ पूर्व सभापति ललिता समदानी, निर्दलीय पार्षदों में वार्ड 62 से ओम पाराशर साईंराम, वार्ड 41 से आशा शर्मा, वार्ड 48 से सागर पांडे, वार्ड 35 से कैलाश मूंदड़ा, वार्ड 59 से बदाम देवी माली, वार्ड 20 से राजेंद्र पोरवाल, वार्ड 36 से सुशीला जैन एवं वार्ड 37 से कांग्रेस पार्षद मोहिनी माली, वार्ड 10 से कांग्रेस पार्षद महेंद्र घबरानी ने भी आज जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से शकरगढ़ पूर्व सरपंच किशोर शर्मा, जहाजपुर के पूर्व प्रधान तुलसी भाटी, पंचायत समिति सदस्य मोहित मीणा, ऊंचा पूर्व सरपंच राजेश जैन, ठीठोड़ा जागीर पूर्व सरपंच रामगोपाल शर्मा, पूर्व पार्षद कैलाश रेगर सहित कई नेता भाजपा में शामिल हुए।

# बीकानेर हाउस में आयोजित नौ दिवसीय 'राजस्थान उत्सव-2024' का समापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिल्लीवासियों के दिलों पर राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खानपान की अमिट छाप छोड़कर नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव का गुरूवार को समापन हो गया। बीकानेर हाउस में रूडा, राजस्थान पर्यटन विभाग और बीएचएमएस की ओर से आयोजित राजस्थानी हॉट बाजार और राजस्थान उत्सव के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति से रूबरू करवाते अलग-अलग कार्यक्रमों ने देशी-विदेशी आगंतुकों को अपनी ओर खूब आकर्षित किया। राजस्थान उत्सव में गणगौर की सवारी के साथ- साथ सांस्कृतिक संध्याओं ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। राजस्थानी परंपरानुसार राजस्थानी परिधानों में सुसज्जित महिलाओं ने मंगल कलश लेकर गणगौर सवारी निकालकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक ने बताया कि ऐसे उत्सवों के माध्यम से राजस्थान सरकार नई दिल्ली के बीकानेर हाउस को ''गेटवे ऑफ राजस्थान'' के साथ राजस्थानी कला संस्कृति का दर्शनीय केंद्र बनाना चाहती है।



# मुनि पुंगव निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी का कुंडलपुर में हुआ भव्य प्रवेश

## मुनि संघों का हुआ वात्सल्य मंगल मिलन। श्रद्धा भक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आचार्यश्री की भावना को साकार करेंगे : मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज

### गुरुदेव की विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखें : प्रमाण सागर जी

रत्नेश जैन रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया

कुण्डलपुर। मध्यप्रदेश बुन्देलखण्ड के दमोह जिले के सुप्रसिद्ध श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर की पावन वसुंधरा पर विश्व वंदनीय संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य तीर्थोद्धारक निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज का ससंघ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर उनकी भव्य अगवानी में देशभर से हजारों श्रद्धालु भक्त उमड़ पड़े । पटेरा ग्राम के जैन मंदिर से जैसे ही मुनिश्री ने कुंडलपुर की ओर विहार किया पटेरा से लेकर कुंडलपुर तक करीब 3.5 किमी लम्बे रास्ते में जन सैलाब श्रध्दा भक्ति उमंग उत्साह के साथ चल रहा था जो पूरे रास्ते में मुनिश्री की भव्य अगवानी में पलक पांवडे बिछाए नाचते गाते, नारे लगाते हुए चल रहा था। आगरा, कानपुर झांसी, ललितपुर, अशोकनगर, जबलपुर, बीनागंज, सागर, सांगानेर , बकस्वाहा, दमोह , हटा ,पटेरा , ललितपुर, आगरा सहित अनेकों स्थानों से मुनिश्री के भक्त एवं शिवरार्थी बड़ी संख्या में आए । ज्ञानोदय परिवार नारेली से सुसज्जित रथ गुरुवर हमको तारों - राजस्थान पधारो का अलख जागता हुआ चल रहा था। सागर एवं मुगावली बैंड पार्टी जनाकर्षण का केंद्र रही। कुंडलपुर प्रवेश द्वार पर कुंडलपुर में पूर्व से विराजित सभी साधुओं का भव्य मंगल मिलन हुआ । इस अवसर पर कुंडलपुर में पूर्व से विराजित निर्यापक मुनि श्री प्रसादसागर जी, निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी ,निर्यापक मुनि श्री संभव सागर जी, मुनि प्रमाण सागर जी, मुनि श्री प्रभात सागर जी, मुनि श्री चंद्रसागर जी, मुनि श्री प्रणम्यसागर जी ,मुनि श्री आनंद सागर जी, मुनि श्री निर्णय सागर जी ,मुनि श्री अजितसागर जी, मुनि श्री विनम्रसागर जी ,मुनि श्री विशदसागर जी ,मुनि श्री विराटसागर जी, आर्यिकारत्न श्री तपोमती माताजी ,आर्यिका श्री ऋजुमति माताजी, आर्यिका श्री चिंतनमति माताजी, आर्यिका श्री सौम्यमति माताजी ससंघ सभी





शिष्यों का अभूतपूर्व मंगल वात्सल्य मिलन हुआ । तत्पश्चात धर्मसभा आयोजित की गई , जिसमें पूज्य निर्यापक मुनि श्री अभय सागर जी व मुनि श्री प्रमाण सागर जी के बाद निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने सभी को मंगल आशीर्वाद दिया और कहा कि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी गुरुदेव के अनेक उपकार है । गुरु की भावना साकार हो । गुरुदेव की विरासत और श्रवण संस्कृति को युगयुगांतर तक जीवंत और अक्षुण्ण बनाए रखें । मुनिश्री ने कहा कि हम शिष्य व श्रमण संस्कृति के तकरीबन 350 कंधे एक साथ मिलकर आचार्यश्री की भावना को साकार करेंगे और समस्त श्रावक श्रध्दालु सहित हम सब मिलकर करेंगे। निर्यापक व मुनिश्री के पाद प्रक्षालन उपरांत धर्मसभा आचार्य भक्ति में बदल गई। इस अवसर पर पाद प्रक्षालन का सौभाग्य महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक पाटनी किशनगढ़ ( राजस्थान) सपरिवार, राजेंद्र कटारिया अहमदाबाद, प्रमोद पहाड़िया जयपुर, हुकुमचंद काका चांदखेड़ी, मनीष सीए तथा कुंडलपुर समिति के अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक सहित अनेक अतिथियों को मिला। इस अवसर पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी, महोत्सव समिति के पदाधिकारी व समितियों के प्रभारी व सदस्य सहित हजारों भक्तगण, ब्रह्मचारी भैया जी, दीदी जी,कुंडलपुर जैन समाज, कुंडलपुर स्टाफ आदि की उपस्थिति रही। इस भव्य अगवानी के भव्य दृश्यों के साक्षी बनने का सौभाग्य मुझ मीडिया समिति के रत्नेश जैन रागी को भी मिला और मेरे साथ सचिन मझगुवां व अनेकांत खडेरी आदि को बीडीओ व तस्वीर बनाकर सबको भेजने का अवसर मिला । महोत्सव समिति के मीडिया समिति के जयकुमार जलज हटा तथा राजेश जैन रागी बकस्वाहा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आज शुक्रवार 5 अप्रैल को पूज्य निर्यापक मुनि श्री योगसागर जी ,नियम सागर जी, समता सागर जी महाराज ससंघ सहित अनेक आचार्यश्री के शिष्यों का कुण्डलपुर में भव्य प्रवेश हो रहा है । कमेटी ने सभी से पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करनें की अपील की है। स्मरण रहे कि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समतापूर्वक समाधि मरण उपरांत उनके आचार्य पद पदारोहण महामहोत्सव का आयोजन आगामी 16 अप्रैल मंगलवार को कुण्डलपुर में आयोजित किया गया है जिस हेतु आचार्य श्री के सभी शिष्य कुण्डलपुर पहुंच रहे हैं, अभी तक तकरीबन 82 अधिक पिच्छिकाधारी साधु-संत पहुंच चुके और करीब 300 से 350 पिच्छिका धारी पहुंचने की सम्भावना है।

-वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन रागी/रत्नेश जैन रागी बकस्वाहा

# वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम में मतदाताओं को किया जागरूक






## मतदान प्रत्येक भारतीय का मूल अधिकारः शिल्पा सिंह

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन और रोटरी क्लब जयपुर के तत्वावधान में गुरुवार को जेएलएन मार्ग स्थित गौरव टॉवर में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन जिला जयपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सुधीर जैन गोधा ने बताया कि शाम 6 से 8 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर नगर परिषद की सीईओ शिल्पा सिंह थी। गोधा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करना था। सिंह ने उपस्थित अपार जनसमूह से अनुरोध किया कि मतदान प्रत्येक भारतीय का मूल अधिकार है इसलिए प्रत्येक भारतीय को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान करने के अधिकार पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए। रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के अध्यक्ष राजेश गंगवाल ने उपस्थित जनों से अनुरोध किया कि वे मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। शिल्पा सिंह ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ राजनीति के लिए आज के युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए शिक्षित युवा वर्ग अपनी भागीदारी को समझें और सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने कहा कि मतदाता भविष्य का विधाता होता है इसलिए योग्य उम्मीदवार का चयन करें। वक्ताओं ने कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके जिसके लिए अपने आसपास के लोगों को और जानकारों को भी मतदान करने के प्रति प्रेरित करना चाहिए जिससे एक योग्य सरकार बने जिससे देश और देशवासियों का चहुंमुखी विकास हो। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इलेक्शन क्विज रही जिसके तहत मंच संचालक प्रीती सक्सेना ने किया जिसके तहत चुनाव और मतदान संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई। क्विज के विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए। कार्यक्रम के दौरान ए.आर. रहमान फेम डॉ. गौरव जैन और नीलम शर्मा ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां दी जिसका उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में रिटायर्ड जस्टिस दीपक महेश्वरी, पूर्व मुख्य सचिव अशोक जैन, रिटायर्ड मेजर जनरल अनुज माथुर, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन जिला जयपुर के सेक्रेटरी सीए संजय पाबुवाल, रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के सेक्रेटरी रोटेरियन कमल बड़जात्या, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के कोषाध्यक्ष आर.के. गुप्ता, रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन के कोषाध्यक्ष रोटेरियन संजय अग्रवाल, लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन ओ.पी. गगड़, फोर्टी के पेट्रोन सुरजाराम मील, असगर अली,शकुन ग्रुप के जे डी माहेश्वरी,राजेंद्र बरडिया, लायन पराग श्रीवास्तव, अजीत सक्सेना, जेएसजीआई एफ नार्थ रीजन के चेयरमैन महेंद्र सिंघवी सहित गणमान्यजन और आमजन उपस्थित रहे।

भगवान महावीर के 2623वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर की प्रेरणा से
मुख्य प्रायोजक RK GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
रक्तदान जीवन दान
श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन कॉलोनी एवं
जय जिनेन्द्र महिला मण्डल एवं सेवार्थ संगठन द्वारा आयोजित
सेहुल कासलीवाल की पुण्य स्मृति में
विशाल रक्तदान शिविर
रविवार, 7 अप्रेल 2024
प्रात : 9 से 1 बजे तक
मुख्य समन्वयक : राजेश छाबड़ा, जितेन्द्र पाटौदी
संयोजक : के सी जैन, मनोज रांवका
स्थान : श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन, किसान मार्ग, टोंक फाटक, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।
श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर मधुबन प्रबन्ध समिति
अनिल टोंग्या अध्यक्ष
अनिल छाबड़ा मंत्री
पुण्यार्जक परिवार
श्रीमती माणक देवी जी, श्री दिलीप जी -कामिनी जी, श्री किशोर जी-अरुणा जी, श्री सुनील जी-नीरा जी,अभिनव जी-रुचि जी, अनिकेत जी-सृष्टी जी, अनुराग जी-विशाखा जी, निखिल जी-आयुषी जी, विनिशा, अन्वी, वान्या, ओजस्वी कासलीवाल (फागी वाले)
जय जिनेन्द्र महिला मण्डल
उषा छाबड़ा अध्यक्ष
मंजू पहाड़िया मंत्री

## वेद ज्ञान

# देवता का अर्थ प्रकाश

देवता संस्कृत भाषा के दिव धातु से बना है जिसका अर्थ प्रकाश है। सूर्य को प्रथम और प्रत्यक्ष देवता इसीलिए कहा गया है कि वह प्रकाश के साथ जड़-चेतन को ऊर्जा देता है। जब खुद के या किसी अन्य के जीवन में अंधेरा दिखाई पड़े तो उसे आत्मबल की ऊर्जा देकर कोई भी व्यक्ति देवता की श्रेणी में खड़ा हो सकता है। मानव देवी-देवता की पूजा-आराधना करता है। वह किसी एक देवता को ईष्ट बनाए या अन्यान्य देवी-देवताओं की पूजा जब करे तो इस बात पर जरूर ध्यान दे कि जिस देवी-देवता की पूजा की जा रही है वे क्यों पूजनीय हुए? जिन कार्यों से वे पूजनीय और वंदनीय हुए वही आचरण पूजक को अपने जीवन में अपना कर पूजनीय व्यक्तित्व बनाने का कार्य करना चाहिए। ऐसा नहीं कि हम पूजा तो भगवान विष्णु, भगवान शंकर, मां दुर्गा की करें और आचरण रावण या लंकिनी-डंकिनी का करें। यह तो और घातक है। रावण, कंस या धृतराष्ट्र जैसे परम शक्तिशाली राजा तक हर पल डरे-डरे रहते रहे। डर व्यक्ति के शरीर और मन पर घातक असर डालता है। कोई भी व्यक्ति छल-छद्म, धोखा-विश्वासघात, शोषण और उत्पीड़न में संलग्न है तो एक अज्ञात भय उसमें धीरे-धीरे समाने लगता है। जबकि सदाचार का जीवन बनाने से आत्मबल मजबूत होता है। जिंदगी में विपरीत स्थितियां मनुष्य की परीक्षा लेती हैं। इस हालत में सबसे पहले धैर्य बनाए रखना चाहिए। इसी के साथ सत्य एवं सदाचार को मजबूती से धारण रखना चाहिए। विपरीत हालात में आलस्य का भाव उत्पन्न होता है। काम में मन नहीं लगता। ऐसी स्थिति में आनन-फानन में बिना सोचे-समझे कोई नकारात्मक कदम उठा लेने पर उसके गंभीर परिणाम ही होंगे। उलटे-पलटे काम से हमेशा डर बना रहेगा। तात्कालिक लाभ का मतलब विधिक सिद्धांतों के खिलाफ किया गया कार्य है। फिर तो उसे छुपाने के लिए झूठ-फरेब का आवरण ओढ़ना पड़ता है जो मनुष्य को देवता नहीं दैत्य की श्रेणी में ले जाता है। मन में ग्लानि भी होने लगती है, लेकिन बाह्य स्तर पर आदर्श की बात करनी पड़ती है। जीवन में द्वंद्व उत्पन्न होता है जो सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति होती है। मन धिक्कारता है।

## संपादकीय

# 'भारत' की संप्रभुता का सम्मान बेहद आवश्यक

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत सरकार ने सख्त एतराज जताया था। अब विदेशमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि उन्हें भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करना चाहिए, नहीं तो इसका बहुत कड़ा जवाब मिलेगा। आमतौर पर अपेक्षा की जाती है कि हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करे



और उनके आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करे, मगर अक्सर देखा जाता है कि कमजोर देशों के मामलों में ताकतवर देश हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। इसी आदत के चलते जर्मनी, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने भारत सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने की कोशिश की थी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन राजनयिकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भारत किस कदर भ्रष्टाचार और धनशोधन संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है। फिर भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की तो उससे यही जाहिर हुआ कि वे भारत के विपक्षी दलों के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों से विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का आधार मिल गया था। यह ठीक है कि यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया। उस गिरफ्तारी में समय के चुनाव को लेकर भी सवाल उठे, क्योंकि तब तक आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी थी। इस तरह चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का सैद्धांतिक पक्ष बाधित नजर आने लगा। मगर इस पर नजर रखने और कार्रवाई करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग और अदालतों को है, न कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका या जर्मनी के किसी राजनयिक को। यह भी ठीक है कि हर देश अपने राजनयिकों के जरिए दूसरे देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखता, वहां के चुनावों की खोज-खबर लेता रहता है, मगर वह चुनाव प्रक्रिया या वहां के राजनीतिक विवादों में पक्षकार की तरह शामिल नहीं हो सकता। वैसे भी अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र पर अनेक बार सवाल उठते रहे हैं कि वह अपने मित्र राष्ट्रों में हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन तक पर चुप्पी साधे रहते हैं। फिलिस्तीन के खिलाफ नियम-कायदों को ताक पर रख कर चलाई जा रही इजराइल की कार्रवाइयों पर वे क्यों मुखर होकर नहीं बोलते या तन कर खड़े होते! अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कोई ऐसा मामला नहीं था, जिसका अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर कोई बुरा और व्यापक असर पड़ता हो। यहां की जांच एजंसियों ने कानून के दायरे में रहते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की और उसको केजरीवाल की तरफ से अदालत में चुनौती भी दी गई है। उसके गलत या सही होने का निर्णय अदालत को करना है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नक्सलवाद

छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों की नक्सलियों से मुठभेड़ होती ही रहती है, लेकिन मंगलवार की रात बीजापुर में जो मुठभेड़ हुई, उसका महत्व इसलिए है, क्योंकि उसमें एक दर्जन से अधिक नक्सली मारे गए। इनमें कई बड़े नक्सली सरगना भी शामिल माने जा रहे हैं। नक्सलियों पर चौतरफा दबाव बनाना केवल इसलिए आवश्यक नहीं कि वे लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश न करने पाएं, बल्कि इसलिए भी जरूरी है कि उनके दुस्साहस का हमेशा के लिए दमन हो सके। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वे रह-रहकर सुरक्षा बलों के जवानों को निशाना बनाते रहते हैं और अपने विरोधियों को पुलिस का मुखबिर बताकर उन्हें मार देते हैं। उनके दुस्साहस का एक प्रमाण यह है कि वे पिछले एक साल में कम से कम आठ भाजपा नेताओं की हत्या कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस दल के नेता खास तौर पर उनके निशाने पर हैं। इन स्थितियों में उन्हें यह संदेश दिया ही जाना चाहिए कि उनकी ऐसी हरकतों से उनके खिलाफ जारी अभियान कमजोर पड़ने वाला नहीं है। नक्सली किसी भी तरह की नरमी के हकदार नहीं हैं। उनका निर्ममता के साथ दमन इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वे बंदूक के बल पर भारत की संवैधानिक व्यवस्था को खुली चुनौती देने के साथ यह स्वप्न भी देख रहे हैं कि एक दिन शासन उनके हाथ में होगा। नक्सली संगठन खुद को भले ही आदिवासियों और गरीबों का हितैषी बताते हों, लेकिन वे इसकी आड़ में उगाही करने वाले गिरोह के अलावा और कुछ नहीं। उन्हें न तो आदिवासियों की कोई चिंता है, न गरीबों की और न ही वन एवं खनिज संपदा की। वे एक ओर तो यह दुष्प्रचार करते हैं कि गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है एवं उन्हें विकास का कोई लाभ नहीं मिल रहा है और दूसरी ओर स्कूलों को निशाना बनाते हैं तथा सड़क, अस्पताल आदि बनाने में बाधाएं खड़ी करते हैं। इस पर हैरानी नहीं कि बीजापुर के जंगलों में मारे गए नक्सलियों के पास से बड़ी संख्या में आधुनिक हथियार मिले। सुरक्षा बलों एवं खुफिया एजेंसियों को इस पहेली को सुलझाना ही होगा कि आखिर नक्सलियों को हर किस्म के आधुनिक हथियार एवं विस्फोटक सामग्री कहां से मिलती है? यह ठीक है कि बीते कुछ वर्षों में नक्सली संगठनों की कमर तोड़ने में सफलता मिली है, लेकिन जब तक उन्हें आधुनिक हथियारों की आपूर्ति होती रहेगी, तब तक उनका खात्मा करना कठिन होगा। केंद्र और राज्य सरकारों का लक्ष्य नक्सलवाद को जड़-मूल से खत्म करना होना चाहिए, क्योंकि नक्सली बीच-बीच में अपनी गतिविधियों को विराम देकर अपनी ताकत को बढ़ाने का ही काम करते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री ने यह जो वादा किया है कि अगले तीन वर्षों में नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा, वह इस अवधि में वास्तव में पूरा हो जाए, इसके लिए केंद्र और राज्यों में तालमेल आवश्यक है।



# सम्मेद शिखर जी में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज का 18वां आचार्य पदारोहण दिवस

## आचार्य श्री पद्मनंदी जी महाराज का 44वां मुनि दीक्षा दिवस भी मनाया गया

## सम्मेद शिखर जी में विराजमान अनेक संतों के सान्निध्य में हुआ आयोजन

**सम्मेदशिखर जी. शाबाश इंडिया**



शाश्वत सिद्धभूमि श्री सम्मेद शिखर जी में परम पूज्य श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज का 18वां आचार्य पदारोहण दिवस हर्ष उल्लास के साथ परम पूज्य मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज, मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ससंघ के निर्देशन में मनाया गया। श्री शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी में विराजित समस्त आचार्य, उपाध्याय, साधु,आर्यिका एवं त्यागीवृंद के सान्निध्य में श्री पुष्पदंत जिनालय के परिसर में आयोजित विनयांजलि सभा मुनि श्री सुप्रभ सागर जी ससंघ एवं मुनि श्री सुयश सागर जी ससंघ निर्देशन मे सम्पन्न हुई। इस मौके पर आचार्य श्री वैराग्यनंदी जी महाराज ससंघ, बालाचार्य श्री मोक्षसागर जी महाराज ससंघ आचार्य श्री यतींद्रसागर जी महारसज,उपाध्याय श्री विभंजन सागर जी, मुनि श्री हर्षेन्द्रसागर जी, गणिनी आर्यिका विभाश्री माता जी, आर्यिका पुनीत चैतन्यमति जी, आर्यिका विनतश्री जी, आर्यिका विनयश्री जी, आर्यिका श्री सुज्ञानमति जी आदि लगभग पचास पूज्य साधुगण विनयांजलि सभा मे उपस्थित रहे। सभा में इस दौरान आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ने कहा कि गुरु दर्शन मेरे जीवन मे सम्यक्दर्शन का कारण बन गया। गुरु किसी को कुछ देते नही फिर भी झोली भर जाती है। गुरु कुछ लेते नही फिर भी भक्त के, शिष्य के दुख दूर हो जाते हैं, गुरु के साथ जो चल देता है उसका भव पार हो जाता है। मुनि श्री सुयशसागर जी महाराज ने कहा की गुरु की वाणी उनके एक-एक शब्द मंत्र रूप निकलते हैं और यदि शिष्य उन्हे श्रध्दापूर्वक ग्रहण करता है तो उसका भी कल्याण निश्चित हो जाता है। प. पू श्रमणाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का 18 वा आचार्य पदारोहण दिवस और आचार्य श्री पद्मनंदी जी महाराज का 44वां मुनि दीक्षा दिवस मधुवन ( शिखर जी ) के इतिहास मे पहलीबार अत्यंत भक्ति भाव से मनाया गया । उ. प्र, म. प्र, विहार, झारखंड,छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, पश्चिमबंगाल, ओडिशा आदि देश के अनेक प्रांतों से आये श्रावकों ने अपने गुरु के प्रति गुरु भक्ति प्रदर्शित करते हुए विनयांजलि प्रस्तुत की। सभा का संचालन पूज्य मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज एवं शैलेश जैन मधुबन ने किया। इस मौके पर श्री सम्मेद शिखर विधान का आयोजन आचार्य पदारोहण दिवस पर सम्पन्न किया। विमल-वात्सल्य धारा का अनूठा दृश्य देखकर भाव-विभोर हो उठे श्रावक- साधुगण। सिद्धचक्र विधान भी बड़े ही भक्ति भाव से मुनि श्री सुप्रभ सागर जी, मुनि श्री प्रणत सागर जी के सान्निध्य में सम्पन्न किया गया। सिद्धचक्र महामंडल विधान का पुण्यार्जन श्री जवाहरलाल जैन पडेले परिवार सागर ने प्राप्त किया तथा गुरु पूजन का सौभाग्य प्राप्त किया। **-डॉ सुनील जैन संचय, ललितपुर निर्देशक उत्कर्ष समूह भारत**

# शुरू हुआ आदिनाथ से महावीर सामाजिक एवं धार्मिक पखवाड़ा

## पहली बार हो रही लगातार सेवा की गतिविधियां - राजस्थान जैन युवा महासभा का भव्य आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**





युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ ) की जन्म जयंती से जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती तक मनाये जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक पखवाड़ा का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। इस मौके पर अधीनस्थ जोनों द्वारा कई मंदिरों एवं कालोनियों में धार्मिक गतिविधियां आयोजित की गई। राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक बुधवार, 3 अप्रैल से शुरू हुआ यह पखवाड़ा रविवार, 21 अप्रैल तक चलेगा। इस पखवाड़े के दौरान युवा महासभा के जयपुर महानगर स्थित पांचों सम्भागों एवं उनके अधीनस्थ 15 जोनों द्वारा प्रतिदिन एक धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के अन्तर्गत पहले दिन भगवान आदिनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के मौके पर विभिन्न आयोजन किये गये। सांगानेर सम्भाग के अन्तर्गत प्रातः निकली पालकी यात्रा एवं रथ यात्रा में युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में तीनों जोनों के सदस्यों द्वारा सहभागिता निभाई गई। इसी प्रकार सिटी सम्भाग के अन्तर्गत चौडा रास्ता एवं चौकड़ी मोदीखाना में निकाली गई पालकी यात्रा में युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं सिटी सम्भाग के अध्यक्ष राज कुमार पाटनी के नेतृत्व में तीनों जोनों के सदस्यगण नाचते गाते शामिल हुए। झोटवाडा सम्भाग के अन्तर्गत झोटवाडा एवं विवेक विहार कालोनी में निकली शोभायात्राओं में युवा मण्डल एवं महिला संगठनों की सदस्याऐ बडी संख्या में शामिल हुई। विवेक विहार के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रात्रि में पालना झुलाने का आयोजन किया गया। गुरुवार 4 अप्रैल को जवाहर नगर - मालवीय नगर सम्भाग की ओर से अध्यक्ष राजीव जैन के नेतृत्व में मानसरोवर के वरुण पथ स्थित राजकीय विद्यालय में कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं स्कूल के लिए अन्य आवश्यक सामग्री भेट की गई। शुक्रवार 5 अप्रैल को दुर्गापुरा स्थित गौशाला में गौ सेवा के अन्तर्गत प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में सिटी सम्भाग द्वारा हरा चारा, गुड आदि गायों को खिलाया जाएगा।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति एवं राजस्थान रीजन के तत्वावधान में 8वां रक्तदान शिविर हुआ आयोजित

## रोटरी क्लब जयपुर एवं रोटरेक्ट क्लब द्वारा शिविर में 101 यूनिट रक्त एकत्र किया। सभी रक्तदाताओं को यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत ISI मार्का हेलमेट स्मृति स्वरूप भेट किये




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोटरी क्लब जयपुर एवं रोटरेक्ट क्लब आयोजन स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर सीतापुरा में एवं दिगम्बर सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर एवम दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 101 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक राकेश गोदिका ने बताया कि इस अवसर पर रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष उजास चंद जैन, सचिव पीयूष जैन, सन्मति ग्रुप की और से मुख्य समन्वक दर्शन जैन, संस्थापक राकेश गोदिका, उपाध्यक्ष चक्रेश जैन उपस्थित थे। रोटरेक्ट क्लब के प्रेसिडेंट आयुषी शर्मा और सचिव आयुष उपाध्यय, डीन नरेंद्र सिंह राठोड, आयोजक अर्चना सिंह राठोड, सह आयोजक शुभम प्रजापति के सहयोग से 101 लोगो ने रक्तदान किया। प्रधानाचार्य किरन सुधीर महाजनी एवं रो. पल्लवी सिंघवी ने भी रक्तदान करके सबका उत्साहवर्धन किया। सभी रक्तदाताओं को यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आईएसआई मार्का हेलमेट, रोटरी मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया ।अंत में रोटरेक्ट क्लब सचिव आयुष उपाध्यय ने शिविर के सफल आयोजन के लिये रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष रो.उजास जैन, सचिव रो.पीयूष जैन ,राकेश गोदिका, दर्शन जैन और चक्रेश जैन का आभार व्यक्त किया।






# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप आदिनाथ, जयपुर द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक दिवस मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भगवान आदिनाथ के जन्म एवम्-तप कल्याणक दिवस के अवसर पर दिनांक 3 अप्रेल 2024 दिगंबर जैन सोशल ग्रूप आदिनाथ के सदस्यों द्वारा जयपुर के मनिहारों का रास्ता स्थित बड़े दीवान जी के मन्दिर पर पंडित रमेश गंगवाल के निर्देशन में श्री कल्याण मन्दिर विधान मंडल पर अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर मन्दिर के मुख्य ट्रस्टी अनिल दीवान, मंत्री संदीप काला, सदस्य तेज प्रकाश काला की गरिमामय उपस्थिति रही। भरपूर जोश के साथ हुए इस कार्यक्रम में ग्रूप सदस्यों के साथ कैलाश बिंदयक्या - अध्यक्ष, विमल प्रकाश कोठारी - सचिव, एवं रोशन लाल जैन - कोषाधायक्ष भी मौजूद थे ।

# मुख्यमंत्री पुनर्वास ग्रह पर परिंड़े लगाकर संगठन ने की ज़िले में अभियान की शुरूआत




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं बाल विकास आयोग ट्रस्ट द्वारा उदयपुर में मुख्यमंत्री पुनर्वास ग्रह पर पक्षियों के लिए परिंड़े लगाकार ज़िले में अभियान कि शुरूवात की। इसका शुभारम्भ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ध्रुव कुमार कविया के करकमलों द्वारा किया गया अभियान को लेकर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द जांगिड ने बताया कि यह अभियान राजस्थान के कई ज़िलों मे टीम के पदाधिकारियों के सहयोग से चलाया जाएगा संगठन के उदयपुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष हर्षित सोनी इस दौरान मौजुद रहे सोनी ने बताया ज़िले में इस अभियान के दौरान महत्वपूर्ण स्थानों पर परिंड़े लगाए जाएँगे जिससे पक्षियों को इस बढ़ते गर्मी के मौसम में पानी की सुविधा आसानी से मिल सके साथ ही हर्षित सोनी ने आमजन से अपने घर की छतों पर पक्षियों कि सुविधा के लिये परिंड़े रखने कि अपील की सोनी ने उदयपुर ज़िले में संगठन के साथ मिलकर भिक्षावृति मुक्त उदयपुर अभियान में भी सक्रिय भूमिका निभाई थी साथ ही इस अभियान में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है इस दौरान चंद्रकला यादव, रोहित गुर्जर, दिनेश राठौड़ ,घनश्याम मीणा आदि मौजूद रहे।

## ज्ञान के साथ विवेक भी जरुरीः स्वस्तिभूषण माताजी



**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया।** परम पुज्या भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्तिभूषण माताजी के सानिध्य मे धर्म की गंगा बह रही इसी क्रम मे बुधवार की संध्या बेला मे भगवान आदिनाथ के जन्म एवम तप कल्याण महोत्सव पर माता के सोलह स्वपन एवम पालना झुलाया गया सोलह स्वप्न की प्रस्तुती शांतिनाथ दिगम्बर जैन महिलामंडल द्वारा दी गई जो बहुत ही अलोकिक रही इसी के साथ महाराज नाभिराय एवम मरूदेवी बनने का सोभाग्य नीरज निधि जैन को प्राप्त हुआ गुरुवार की बेला मे माताजी सानिध्य मे भक्तिभाव के साथ मुनिसुव्रतनाथ महामंडल विधान हुआ श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा एवम अखंड दीप प्रज्वालित करने का लाभ जगदीशचंद अभिषेक कुमार बुरनखेडी वालो को प्राप्त हुआ मंडल पर चार मुख्य कलश स्थापित करने का लाभ राजेंद्र कुमार मनोज बडजात्या प्रदीप कुमारप्रतीक सोनी विनोद कुमार नमन मित्तल शिखरचंद सुरेन्द्र कुमार टोंग्या को प्राप्त हुआ महामंडल विधान मे भक्त भक्ति से सराबोर रहे इस अवसर पर कोटा से आए सभी भक्तो ने कोटा आगमन हेतु निवेदन किया अनेक स्थानों से भक्त दर्शन हेतु आए ।इस अवसर पर माताजी ने कहा की ज्ञान के साथ विनय और विवेक भी जरुरी विवेक के बिना ज्ञान कार्यकारी नहीं है ज्ञान होने के साथ विवेक की भी जरुरत होती है धर्म यदि विवेक के साथ किया जाएगा सही दिशा मे ले जाएगा माताजी ने कहा स्वाध्याय आत्मा का भोजन है शारीरिक शक्ति आत्मा से मिलती है शारीरिक और मानसिक शक्ति स्वाध्याय से मिलती है ।उन्होने कहा की भगवान महावीर ने शब्द दिया है की विवेक के साथ रहना चाहिए विवेक गुण है विवेक योग्यता है विवेक धर्म है विवेक नहीं तो धर्म नहीं धर्म विवेक के साथ ही सही दिशा मे ले जाएगा फैशन के विषय मे कहा फैशन करना अच्छा है ।इतना उपयोग न करे की वह भावो को बदल दे और माहोल को खराब कर दे। पहनावे मे भी विवेक होना चाहिए। पूज्य माताजी ने मंडल विधान से पूर्व शांतिनाथ दिगंबर जैन नसिया के भी दर्शन किए एवम जिनालय एवं नसिया जी के कार्यों के बारे में दिलीप कुमार विनायका प्रकाश विनायका ने बताया

-अभिषेक जैन लुहाड़ीया रामगंजमंडी की रिपोर्ट

## आचार्य चैत्य सागर जी महाराज का मानसरोवर में हुआ मंगल प्रवेश

### भगवान के समक्ष आयोजित विधानों से सौभाग्य की प्राप्ति : आचार्य चैत्य सागर जी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




परम पूज्य आचार्य चैत्य सागर जी महाराज का आज वशिष्ट मार्ग श्याम नगर से विहार कर मानसरोवर की पावन धरा पर स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर में हुआ। संगठन मंत्री विनेश सोगानी ने बताया कि ऐतिहासिक मंगल प्रवेश के अवसर पर कावेरी पथ स्थित जनता स्कूल से चेतना पथ स्वर्ण पथ नीलम पथ होते हुए परम पूज्य गुरुदेव विशाल जुलुस के रूप साथ वरुण पथ मंदिर पहुंचे जहां पर समाज द्वारा पूज्य गुरुदेव का पाद पक्षालन एवं आरती की गई मंदिर जी में दर्शन के पश्चात सभागार भवन में विशाल धर्म सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्ष एमपी जैन ने बताया कि धर्म सभा का शुभारंभ वीरेश कुमार जैन ,पूरणमल अनोपड़ा द्वारा प्रस्तुत भजन से हुआ इसके पश्चात भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य सतीश कासलीवाल को प्राप्त हुआ शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य अनिल श्रीमती कुसुम दीवान को प्राप्त हुआ। धर्म सभा में उपस्थित साधर्मी बंधुओ को मंगल आशीर्वाद देते हुए शाश्वत मति माताजी ने कहा कि बंधुओ वरुण पथ की समाज का प्रबल पुण्य के कारण ही पूज्य गुरुदेव का यहां मंगल प्रवेश हुआ है ।आप सब सौभाग्यशाली हैं कैसे महान संत का आपको मंगल आशीर्वाद मिलेगा और आप सबके जीवन में सफलता ही सफलता प्राप्त हो ऐसी में कामना करती हूं। इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य चैत्य सागर जी महाराज ने कहा कि वरुण पथ समाज साधुओं की सेवा के लिए जाना जाता है और वरुण पथ के समाज का सौभाग्य है कि उन्हें प्रत्येक वर्ष साधु संतों की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है । मेरा समाज के प्रत्येक परिवार से निवेदन है कि यहां की कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय विधान में प्रत्येक परिवार भाग ले जिससे आपके सौभाग्य को और अधिक गति प्राप्त होगी। समाज समिति के मंत्री ज्ञान बिलाला ने बताया कि परम पूज्य आचार्य गुरुवर के पावन सानिध्य में दिनांक 5 अप्रैल 2024 को प्रातः 8:00 बजे 64 रिद्धि विधान एवं 6 अप्रैल 2024 को ऋषि मंडल विधान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री विनेश सोगानी ने किया।

# स्नेहिल वनिता संघ ने आदिनाथ जयंती के जुलूस ने सहभागिता की



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

महिलाओं के शीर्ष संगठन स्नेहिल वनिता संघ ने भगवान आदिनाथ के जन्मोत्सव समारोह में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाई। चौडा रास्ता स्थित यशोदानन्द जी जैन मंदिर जी पर सभी सदस्यायें जुलूस के साथ कदम से कदम मिलाकर पूरे मार्ग पर भगवान के नारे लगाते हुये व सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी।संघ की पोशाक में सभी महिलायें अध्यक्षा श्रीमति लताजी के आह्वान पर एकत्रित हुई थीं। कोषाध्यक्ष डां शान्ति जैन 'मणि' ने बताया कि सभी सदस्याएं दूर-दूर से एकत्रित होकर भगवान आदिनाथ के जन्मोत्सव में भाग लिया।जुलूस के साथ संघी जी का मंदिर, खिन्दूकों का मंदिर, चम्पारण का मंदिर, सिरमोरियों का मंदिर, लश्कर पाटोदी का मंदिर,लालजी सांड के रास्ते में छोटे दिवानगी का मंदिर, पापलियों के मंदिर होते हुये चौडा रास्ते में यशोदानन्दजी के मंदिरजी आकर भगवान आदिनाथ का अभिषेक देखा व आरती में भाग लिया।संघ की मंत्री श्रीमति मणि कोठ्यारी ने सभी सदस्याओं का आभार व्यक्त किया।

# संसार उसे याद करता है जो बेसहारों का साहरा बनता है : प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज

## गुरू के पधारने पर नेमीचंद हेमलता ने आजीवन शीलव्रत का लिया प्रत्याख्यान



**सुनिल चपलोत.शाबाश इंडिया**

दासपां।दुनिया उसे याद करती है जो बेसाहरो का साहरा बनता है और भलाई करता है ऐसा व्यक्ति ही जगत मे महान बनता है। गुरूवार को प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज ने आयोजित धर्मसभा मे जैन धर्मावलंबियों सभी गांववासियों को उपदेश प्रदान करतें हुयें कहा कि दौलत से कौई भी इंसान महान नहीं बन सकता है महान वो बनता है जो जरूर के समय अपनो और परायो का साहरा बनता और उनके दुःख दर्द दूर करता है ऐसा व्यक्ति दुनिया से भल्ले ही चला जाये पर उसकी सेवाओं को भूलाया नहीं जा सकता है ऐसे विरले व्यक्ति की स्मृति चिरस्थाई रहती है वही जगत मे महान और पूज्यनीय बनता है।डा.वरूण मुनि ने कहा कि जीवन उसका बेहतर बनता है जो दुसरो के स्वभाव को नहीं स्वंय की आदतो और स्वभाव मे बदलाव लाता है वह मनुष्य ही अपने जीवन को निहाल और सुंदर बना सकता है। आयोजित धर्मसभा के दौरान प्रवर्तक सुकनमुनि उपप्रवर्तक अमृतमुनि युवाप्रणेंता महेश मुनि,बालयोगी अखिलेश मुनि और डॉ.वरूण मुनि आदि ठाणा के पैतीस वर्षो के प्रश्चात दासपां पधारने पर नेमीचंद-हेमलता वाणीगोता ने आजीवन शीलव्रत के धर्मसभा मे प्रत्याख्यान लेने पर कांतिलाल हुंडिया मांगी लाल वाणीगोता, शिवराज वाणीगोता, रमेश मुणोत, चम्पालाल लुंकड़,भैरूमल जैतूवाला, मांगीलाल हिरण, अशोक हुंडिया,नेमीचंद वाणीगोता आदि पदाधिकारियों के साथ उकसिंह राठौड़, पारसमल स्वर्णकार आदि सभी ने नेमीचंद वाणीगोता और उनकी धर्मसायिका का सोल माला तथा चुंदड़ी ओढ़ाकर बहूमान और सम्मान किया गया।दौपहर संतो द्वारा घंटाघर महावीर स्तोत्र का जाप करवाया गया जिसमे सैकड़ों भाई बहनों ने जाप मे भाग लिया।

# आदिनाथ जन्म कल्याणक पर भव्य शोभायात्रा निकाली

## आदिनाथ भगवान कि प्रतिमा को पालने में झूलाया

**किशनगढ़, अजमेर. शाबाश इंडिया**। देवाधिदेव श्री आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आदिनाथ पंचायत के उप मंत्री इंदर चंद पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आदिनाथ पंचायत द्वारा श्री आदिनाथ जन्म कल्याणक पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस श्री आदिनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक किया गया। प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा का सौभाग्य आर. के मार्बल परिवार से कंवरीलाल, महावीर प्रसाद, अशोक कुमार, सुरेश कुमार पाटनी को प्राप्त हुआ। निचे की मूल प्रतिमा के अभिषेक एवं शांतिधारा का सौभाग्य चांदमल प्रकाशचंद गंगवाल एवं राजू गर्वित राँवका परिवार को मिला। शांतिधारा का वाचन पंडित रोहित शास्त्री ने किया। इसके बाद श्री जी को रजत पालकी में विराजमान करके शोभायात्रा निकाली गयी जो आदिनाथ मंदिर से जी से प्रारम्भ होकर मुख्य चौराया तेली मोहल्ला आर के हाउस होते हुए पुनः आदिनाथ मंदिर जी पहुंची सांय कालीन महाआरती कि गयी एवं बाल रूप आदिनाथ जी की प्रतिमा को पालने में झूलाने का सभी श्रावको ने पुण्यार्जन किया। शोभायात्रा में कंवरीलाल, महावीर प्रसाद, अशोक कुमार, सुरेश कुमार आदिनाथ पंचायत के अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल मुनिसूव्रतनाथ पंचायत के अध्यक्ष विनोद पाटनी, महावीर गंगवाल, विनोद चौधरी, इंदर चंद पाटनी, कैलाश पहाड़िया, सुशील अजमेरा, संजय बाकलीवाल, सुनील कासलीवाल, महेन्द्र गंगवाल, सुभाष बड़जात्या, पवन लुहाड़िया, सुभाष चौधरी, निर्मल छाबड़ा, कन्हैयालाल गोधा, अशोक पाटनी (उत्कृस्ट मार्बल), सुशील गंगवाल के साथ शांता पाटनी, बिना कासलीवाल, सारिका छाबड़ा, गुणमाला छाबड़ा, उषा गोधा, रेखा झांझरी सहित अनेक समाजजनों ने भाग लिया।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जैन मंदिर मालवीय नगर में 48 दीपकों से हुआ भव्य भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की जन्मजयंती के शुभअवसर पर मालवीय नगर 3 सेक्टर दिगम्बर जैन मंदिर में प्रातः चांदी की पालकी में श्रीजी को सिंहासन पर विराजमान कर प्रभातफेरी निकाली गई।दिगम्बर जैन महासमिति, मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत बड़जात्या ने बताया कि शाम को कार्यक्रम का शुभारंभ कैलाश कांता लुहाड़िया द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया इसके साथ ही 48 रिद्धि ऋद्धि मंत्रों से युक्त दीपकों द्वारा भक्तामर पाठ की शुरूआत हुई । भक्तामर स्तोत्र व चमत्कारी मंत्रो का शुद्ध उच्चारण अन्य लोगों के अलावा धार्मिक मंत्री रंजना बोहरा, कौशल्या तेरापंथी, अर्चना निगोतिया,हरिशंकर जैन द्वारा किया गया ।लोग धार्मिक वातावरण में इतने मग्न हो गए कि झूम उठे और सामूहिक भक्ति नृत्य करते रहे । इस धार्मिक अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र पांड्या, राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन,महामंत्री महावीर ललिता बाकलीवाल, कार्याध्यक्ष डॉ णमोकार जैन, पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल सांघी ,अध्यक्ष स्वस्तिक ग्रुप सतीश मधु बाकलीवाल आदि ने गरिमामयी उपस्थिति दी।जिनका स्वागत सम्मान मालवीय नगर दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सी एल जैन,मंत्री मनोज जैन संयुक्त मंत्री



विनोद जैन, युवाप्रकोष्ठ मंत्री कोणार्क काला, आंचलिक प्रतिनिधि जितेंद्र निगोतिया द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त महिला मंडल की अध्यक्षा प्रीति बाकलीवाल,मंत्री निधि बड़जात्या, रुचिका जैन, प्रेम सेठी, विद्या सेठी, शकुन जैन,मंजू जैन,पुष्पा जैन आदि ने उपस्थिति दे कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल संयोजन दिगम्बर जैन महासमिति मालवीय नगर संभाग के मंत्री विजय कासलीवाल, कोषाध्यक्ष अरुण काला कार्यकारिणी सदस्य निर्मल जैन द्वारा किया गया ।

## सुबोध महाविद्यालय में स्वच्छता एवं मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

एस एस जैन सुबोध पी जी महाविद्यालय, जयपुर में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर के द्वारा तीन दिवसीय स्वच्छता एवं मतदान जागरूकता में युवाओं की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो के बी शर्मा की अध्यक्षता में मतदान जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता की गई। कार्यशाला के दौरान मंदिर प्रांगण में छात्र-छात्राओं द्वारा सफाई कार्यक्रम कराया गया। प्राचार्य ने बताया कि युवाओं के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ऐसे में युवाओं की जिम्मेदारी और यह कर्तव्य बनता है कि वह अपने परिवार एवं मोहल्ले के लोगों को मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि राज्य एवं देश के विकास के लिए एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एस पी भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना राजस्थान थे। मुख्य अतिथि ने बताया कि मतदान के महत्व को दर्शाने के



लिए महाविद्यालय द्वारा जो लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया है, यह एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा ऐसे प्रदर्शन का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं, अपितु नागरिकों की भागीदार से अधिक से अधिक पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा आदि उपलब्ध कराकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है।

# जिनालय में गूंजे भगवान आदिनाथ के जयकारे

## जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव (जन्म जयन्ती) मनाया

**कोटखावदा. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव जैन श्रद्धालुओं ने बुधवार 3 अप्रैल को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर कस्बे सहित आसपास के गांवों के दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, मण्डल विधान पूजा सहित शोभायात्रा, पालकी यात्रा भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान, महाआरती के आयोजन किये गये। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः भगवान आदिनाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की जाकर पूजा के दौरान जन्म कल्याणक श्लोक का उच्चारण तथा तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढाये गये। अमन जैन कोटखावदा ने बताया कोटखावदा के बड़ाबास स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में अध्यक्ष महावीर गंगवाल एवं मंत्री दीपक वैद के नेतृत्व में भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। पंचामृत अभिषेक किए गए। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य प्रतापनगर निवासी सोनू जैन को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आदिनाथ पूजा विधान का संगीतमय आयोजन किया गया। इस मौके पर अमन जैन कोटखावदा, सोनू जैन प्रतापनगर, धर्म चन्द वैद, रितेश वैद, राजेश वैद, आलोक पाटोदी, राजेश गंगवाल, पंकज वैद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रचार मंत्री अमन जैन कोटखावदा के मुताबिक कोटखावदा के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में सायकांल महाआरती के बाद 48 दीपकों द्वारा ऋद्धि मंत्रो से युक्त संगीत मय भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य करते हुए मंत्रोच्चार कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। महिलाओं सहित पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए।



# पल्लीवाल जैन सामूहिक होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

कुलपति डीएवीवी डॉ श्रीमती रेणु जैन (विशिष्ट अतिथि) के साथ मनाया भगवान आदिनाथ जन्मोत्सव कल्याणक व पल्लीवाल जैन सामूहिक होली मिलन समारोह। श्री अनंतनाथ जिनालय छावनी मंदिर में भक्तों में भारी संख्या में उत्साह देखने को मिला, इस मौके पर कुलपति महोदय व नवीन मनोनीत राष्ट्रीय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री हंसमुख गांधी जी का भी भव्य स्वागत व सम्मान पं जयसेन बाबूजी, डां अनुपमजी, सुमत प्रकाश सुधाजी, राजीव रत्नजी, अध्यक्ष-राजेन्द्र, मंत्री-इन्दकुमार, चंदनवाला द्वारा किया गया, भक्तामर के 48 दीपकों का कुशल कार्यक्रम मीडिया प्रभारी एमके जैन द्वारा व संगीत प्रस्तुति नंदी मित्र सुकुमार मंडल द्वारा दी गई, जिसका पुण्यांजन राजीव अनीता जैन परिवार ने किया, संचालन व आभार प्रदर्शन मंत्री इन्द्र कुमार जैन द्वारा किया गया।

# सिविल लाइन स्थित जिनालय में आदिनाथ जयंती मनाई धूमधाम से



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** आज आदिनाथ जयंती के अवसर पर सिविल लाइन में अजय विजय दंगसिया के निवास में स्थित जिनालय में आदिनाथ जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सुबह विशेष पूजा अर्चना करी गई, स्वर्ण कलशों से भगवान के 1008 कलश किए गए। शाम को विशेष आरती की। उसके बाद विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया, जिसमे साधना जी एवम् ग्रुप ने तथा सुभाष पाटनी, धनजी लुहाड़िया, अर्चना गंगवाल, मंजू ठोलिया ने भजनों की प्रस्तुति दी। रूपश्री, मधुजैन, मधु बिलाला ने मनमोहक नृत्य करके सभी को भाव विभोर कर दिया, पुखराज पहाड़िया, प्रमोद सोनी, प्रदीप पाटनी, प्रकाश पाटनी, अजय जैन, विजय जैन, मनीष पाटनी, राकेश दोषी, सुनील पहाड़िया, मनोज सेठी, साधना दंगासिया, मधु जैन द्वारा समयसागर जी महाराज के पोस्टर का विमोचन करा गया। समाज के अभय जैन, मुकेश पाटनी, दिनेश पाटनी, कमल कासलीवाल, अनिल गंगवाल, रेणु पाटनी, रेणु सोगानी, मधु जैन, माया गदिया, वर्षा जैन, संगीता पाटनी, सुषमा पाटनी, अनामिका सुरलाया, इंद्रा कासलीवाल, सरला लुहाड़िया, प्रिया पाटनी, साधना पाटनी, बिना जैन आदि मौजूद थे। अंत में सभी को प्रभावना वितरण करी गई।

# जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याण एवं तप कल्याण धूमधाम से मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस राजावत फार्म मानसरोवर जयपुर नगरी में भगवान आदिनाथ के जन्म एवं तप कल्याण पर दो दिवसीय कार्यक्रम अपार जन समूह ने बड़ी भक्ति भाव से मनाया। समिति के अध्यक्ष डॉ राजेश काला ने बताया कि आदिनाथ जयंती की पूर्व संध्या पर महिला मंडल के द्वारा सामूहिक आरती एवं भक्तामर का पाठ भजनों का कार्यक्रम भक्ति के साथ रखा गया। भगवान के जन्म कल्याण दिवस पर प्रातः 6:30 बजे नित्य नियम अभिषेक एवं 7:30 बजे भगवान आदिनाथ की मुलायक प्रतिमा पर 108 परिवारों के द्वारा 108 कलसौ से अभिषेक किए। पश्चात शांति धारा पुण्याजक परिवारों के समिति के महामंत्री सौभाग मल जैन एवं समिति सदस्य सुरेंद्र पाटनी विनोद जैन झं'झरी ने मुकुट माला तिलक से स्वागत किया एवं कमलचंद टोंगिया लालचंद झं'झरी ने मंत्र उच्चारण से सोधर्म इंद्र धर्मचंद श्रीमती पायल सौरभ शुभम छाबड़ा मणिपुर वाले सुमेर नगर, यज्ञनायक इंद्र श्रीमती सरोज देवी मनोज अंजू रजनीकांत निशा लुहाडिया परिवार। कुबेर इंद्र श्रीमती ममता हितेश सुविधी मांग्यावास परिवार की तरफ से शांति धारा करवाई गई। आए हुए सभी धर्म प्रेमी बंधुओ ने बड़ी शांति



से शांति धारा का आनंद लिया एवं भगवान से प्रार्थना की कि संपूर्ण विश्व में सुख शांति एवं समृद्धि स्थापित हो। अंत में आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक जयपुर में विभिन्न ग्रुपों द्वारा चलाए जा रहे मानव सेवार्थ हेतु कार्यक्रम में एसएफएस दिगंबर जैन मंदिर के संत भवन में भी दिनांक 7.4.2024 को लगने वाले रक्तदान शिविर के बारे में युवा मंडल के अध्यक्ष मनोज काला महिला मंडल अध्यक्ष उर्मिला पाटनी कार्यक्रम संयोजक संदीप गंगवाल और विकास जैन ने रक्तदान के बारे में चर्चा कर ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

भगवान महावीर के 2623वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर एवं
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के तत्वावधान में
मुख्य प्रायोजक R K GROUP WONDER CEMENT
सह प्रायोजक ARL ARL Infratech Ltd.
सह प्रायोजक समाचार जगत
श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति द्वारा
रक्तदान जीवन दान
रक्तदान शिविर
GIVE BLOOD GIVE LIFE
रविवार 7 अप्रेल 2024
प्रातः 9 से 2 बजे तक
स्थान : वर्धमान भवन, श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति, नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर
क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

शिविर उद्घाटनकर्ता
श्रीमती प्रीति चन्द्रा IPS
एसीपी, ट्राफिक एंड एडमिनिस्ट्रेशन
अध्यक्षता
श्री पंकज ओझा RAS
असिस्टेंट कमिश्नर फूड सप्लाई एंड ड्रग कंट्रोलर
मुख्य अतिथि
डॉ. रवि शेखावत
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम
सम्माननीय अतिथि
राखी राठोड़
चेयरमैन उद्यान समिति नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

शिविर पुण्यार्जक
स्व. निर्मला देवी धर्मपत्नि
स्व. श्री राजकुमार पांड्या,
प्रदीप, संजय, अजय पांड्या,
नेमीसागर कॉलोनी

शिविर पुण्यार्जक
श्रीमती संतोष देवी धर्मपत्नि स्वर्गीय
अजय जी बाकलीवाल,
अमित, नीलम, सुमित, निधि, आशीष,
श्वेता बाकलीवाल हनुमान नगर जयपुर

विशिष्ठ अतिथि
श्री सूरज-सीमा, मोहित-सोनाली,
काशवी सेठी नेमीसागर कॉलोनी
श्री सुभाष, गौरव, अनुश्री,
ऋधान अजमेरा नेमीसागर कॉलोनी
श्री लेखराज-आभा, हिमांशु-लावान्या, यशस्वी,
सर्मिद्ध बड़जात्या नेमीसागर कॉलोनी

संयोजक :
जयकुमार-मंजू बड़जात्या, संजय-पूजा जैन पाटनी
पूनम-अनिता ढोलिया, नीरज- कुसुम पहाड़िया,
विकास- निशा कासलीवाल, गौरव-अनुश्री अजमेरा,
नितिन-प्रिया ढोलिया, विपिन-वंदना गोधा
अमित-दीपिका गंगवाल, सौरभ-दीपिका बडजात्या
मोहित-दित्या बडजात्या, रिषभ-अस्मिता बडजात्या

अध्यक्ष : जे.के. जैन (कालाडेरा)
मंत्री : प्रदीप निगोतिया
एवं समस्त कार्यकारिणी,
श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति

# जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक भक्तिभाव से मनाया

**सीकर. शाबाश इंडिया**

सकल जैन समाज के सानिध्य में शहर के सभी जैन मंदिरों में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म और तप कल्याणक भक्ति भाव से मनाया गया। समाज के विवेक पाटोदी ने बताया कि इस अवसर पर जैन मंदिरों में प्रातः विशेष अभिषेक व शांतिधारा हुई ।इसके पश्चात विशेष पूजन , महामंडल विधान सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए ।बजाज रोड़ स्थित दंग की नसियां मंदिर में प्रातः अभिषेक , शांतिधारा पश्चात आदिनाथ महामंडल विधान आयोजित किया गया ।विधान का पुण्यार्जन अजीत कुमार निर्मल कुमार अंकुर अजमेरा परिवार को प्राप्त हुआ। जाट बाजार स्थित दीवान जी की नसियां मंदिर में इस अवसर पर प्रातः भक्तामर विधान किया गया ।तबेला रोड़ स्थित श्री आदिनाथ चैत्यालय में सांयकाल 48 दीपकों से भक्तामर के पाठ किए गए ।भगवान आदिनाथ का जन्म चैत्र कृष्ण पक्ष की नवमी के दिन सूर्योदय के समय अयोध्या में हुआ था। उनके पिता राजा नाभिराय एवं माता रानी मरू देवी थीं। आदिनाथ भगवान को ऋषभनाथ जी ,ऋषभदेव जी भी कहा जाता है। वह अवसर्पिणी काल के प्रथम दिगंबर जैन मुनि थे। उन्हीं के द्वारा खेती करना सिखलाया गया एवं उन्हीं के समय से अक्षर एवं गिनती का ज्ञान शुरू हुआ था।



## भगवान श्री आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**रत्नेश जैन रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

कुण्डलपुर (दमोह)।सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महाराज के कुंडलपुर में बड़ी संख्या में विराजमान शिष्यों के सानिध्य में भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाने का मंगल अवसर प्राप्त हुआ। कुण्डलपुर महामहोत्सव मीडिया समिति के जयकुमार जलज हटा तथा राजेश रागी बकस्वाहा ने बताया कि प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। भक्तांमर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा, पूजन, आदिनाथ विधान हुआ। परम पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के मुखारविंद से शांति धारा का वाचन किया गया ।इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ऋद्धि मंत्र कलश, शांति धारा,छत्र ,चंवर, आरती करने का सौभाग्य श्रेष्टि श्रीमती चिंतामणि सवाईलाल जैन परिवार मुंबई, सीए अजय उपेंद्र दीपक जैन तलवंडी ,तनिष्क जैन अजीत जैन शिवपुरी, सुभाषचंद्र सचिन जैन दिल्ली, शौर्य सचिन प्रियंक सचिन जैन अहमदाबाद ने प्राप्त किया। कुंडलपुर में विराजमान सभी साधु जनों की आहारचर्या संपन्न हुई ।सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना , पूज्य बड़े बाबा की महाआरती हुई।मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का लोकप्रिय चर्चित कार्यक्रम शंका समाधान का सीधा प्रसारण किया गया।जिसमें लोगों ने अपनी अपनी शंकाओं का समाधान पाया।

## बहुचिकित्सकीय निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर 7 अप्रैल को

**रोहित जैन। शाबाश इंडिया।**

नसीराबाद।अजमेर जिला माहेश्वरी युवा संगठन एवं महेश नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गांधी चौक स्थित रामचंद्र धर्मशाला में बहुचिकित्सकीय निःशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। महेश नवयुवक मंडल नसीराबाद के महामंत्री शुभम लोगड ने बताया कि शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होगा। शिविर में वरिष्ठ एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज लखोटिया, क्षेत्रपाल हॉस्पिटल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रतीक दरगड, अजमेर से नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉक्टर शार्दुलसिंह चौहान, नसीराबाद के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शुभम चौहान अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में खून व अन्य जांचें खंडेलवाल पैथ लेब द्वारा की जाएगी।शिविर में रजिस्ट्रेशन के लिए अंशुल हेड़ा, गौरव काहल्या, संदीप धूत, केशव झंवर, भावेश राठी, विशाल काहल्या, सुमित ईनाणी, हितेश मोदी से संपर्क किया जा सकता है।

## भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक पर पार्श्व जैन मिलन ने निकाली प्रभातफेरी

**गौरव जैन सिन्नी. शाबास इंडिया**




अशोकनगर। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान 1008श्री आदिनाथ स्वामी कि जन्म जयंती तथा तप कल्याणक के उपलक्ष्य में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सम्पूर्ण भारत की सभी 1500 शाखाओ ने अपने अपने शहर में प्रभातफेरी निकाली। उसी संदर्भ में आज अशोकनगर में पार्श्व जैन मिलन अशोकनगर द्वारा वगीचा जैन मंदिर से सोनी कालोनी स्थित पार्श्वनाथ मंदिर जी तक पछाड़ी खेड़ा रोड से होते हुए तथा जैन मिलन अशोकनगर द्वारा सुभाष गंज से गांव मंदिर जैन मिलन सेन्ट्रल अशोकनगर द्वारा सुभाष गंज से शांति नगर तक प्रभात फेरी निकाली गई इसमें अलग अलग रूप से तीनों शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे।